# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर

चक सकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर–321201

Email- exam@msbrijuniversity.ac.in, Website – www.msbrijuniversity.ac.in

Helpline- **examhelpline@msbrijuniversity.ac.in**

Helpline No. **8290845992, 8290845986**


क्रमांक :–परीक्षा / मसूबृवि / 2026 / 4347 दिनांक : 16/02/26

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं स्वंयपाठी विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी विज्ञप्ति एवं आवश्यक दिशा–निर्देश**

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर से सम्बद्ध भरतपुर, डीग एवं धौलपुर जिलों में स्थित महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र 2025–26 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं स्वयंपाठी (Regular and Non-Colleigate) परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म वेबसाईट **www.msbuexam.org** पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार घोषित किया जाता है :–

| क्र.सं. | पाठयक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/Commerce/Bachelor of Computer Application/Bachelor of Business Administation (B.A., B.Sc., B.Com. B.C.A. and B.B.A.) I Semester NEP Scheme के नियमित विद्यार्थी | 18.02.2026 से 28.02.2026 तक |
| | M.A./M.Sc./M.Com. I Semester NEP Scheme के नियमित विद्यार्थी | |
| 2 | Three/Four Year Bachelor of Arts and Commerce (B.A. & B.Com.) I Semester NEP Scheme के स्वंयपाठी विद्यार्थी | 20.02.2026 से 02.03.2026 तक |
| | M.A./M.Com. I Semester NEP Scheme के स्वंयपाठी विद्यार्थी | |

नोटः–

1. स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर की वार्षिक परीक्षा पद्धति की परीक्षाओं के आवेदन पत्र भरे जाने हेतु शीघ्र ही पृथक से विज्ञप्ति जारी की जावेगी।
2. यह परीक्षा आवेदन पत्र केवल सत्र 2025–26 में सेमेस्टर परीक्षा के अन्तर्गत नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए है।
3. किसी भी तकनीकी समस्या से बचने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार ना करें।
4. परीक्षा संबंधी समस्त सूचना, नियम एवं निर्देशों हेतु वेबसाईट www.msbrijuniversity.ac.in एवं **www.msbuexam.org** का निरन्तर अवलोकन करें।
5. नियमित एवं स्वंयपाठी परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु Instruction for form filling निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाईट www.msbuexam.org पर उपलब्ध है।
6. परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए विश्वविद्यालय हेल्पलाईन नम्बर 8290845992 एवं 9358968024 पर कार्यालय समय में एवं पेमेंट गेटवे से भुगतान संबंधी समस्या के लिए आई.सी.आई.सी.आई. बैंक हेल्पलाईन नम्बर 9271858213 एवं 6375623136 तथा एचडीएफसी बैक हेल्पलाईन नम्बर 8882877655 पर समय प्रातः 09 से सांय 06 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश**

1. **नियमित विद्यार्थियों परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपना पंजीकरण नम्बर अपने संबंधित महाविद्यालय से प्राप्त करें। विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा किए गए पंजीकरण के आधार पर ही भरा जा सकेगा।**
2. **स्वंयपाठी परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपना पंजीकरण विश्वविद्यालय की बेवसाईट www.msbuexam.org से सीधे ही कराना होगा। पंजीकरण संख्या प्राप्त होने के बाद स्वंयपाठी परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाईट www.msbuexam.org से भर सकेगें।**

3. स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्र/छात्राओं का पंजीकरण कार्यालय आदेश क्रमांक 4319 दिनांक 10.02.2026 के अनुसार किया जा रहा है।
4. विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा आवंटित पंजीकरण नम्बर, माता का नाम एवं विद्यार्थी की जन्म तिथि के आधार पर भरा जायेगा। इसलिए महाविद्यालय से अपना पंजीकरण नम्बर प्राप्त करें।
5. परीक्षार्थी को परीक्षा आवेदन पत्र में **ABC ID**, आधार कार्ड एवं स्वयं का मोबाईल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।
6. **माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। NEP में UG के नियमित विद्यार्थियों को सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम सी–ग्रेड (न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक) प्रत्येक विषय में प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा वह सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) में बैठने का पात्र नहीं होगा। प्राचार्यगण इस पर विशेष ध्यान दें।**
7. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे एवं ईमित्रा के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क एक बार खाते से कटने के बाद कोई समस्या आने पर (परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी न निकलने पर) पुनः भुगतान 12 घंटे पश्चात् ही किया जावे। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापिस (Refund) नहीं होगा।
8. यदि Payment Success के उपरांत भी आवेदक जानबूझ कर एक से अधिक परीक्षा आवेदन के लिए भुगतान करता है तो विश्वविद्यालय में जमा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क वापिस नहीं होगा।
9. परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन करने के उपरांत सावधानीपूर्वक भरें। परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ आगामी दो कार्य दिवसों में, परीक्षा फॉर्म पर अंकित संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं होगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फॉर्म ही स्वीकार किये जायेंगे।
10. संबंधित महाविद्यालय परीक्षा फॉर्मों के साथ एक शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा जिसके अन्तर्गत यह स्पष्टतया उल्लेख किया जायेगा कि :–
    A. महाविद्यालय द्वारा कुल प्रवेशित छात्र/छात्रायें तथा परीक्षा फार्मो की संख्या महाविद्यालय को आवंटित सीटों से अधिक नहीं है।
    B. विद्यार्थी द्वारा परीक्षा फॉर्म में भरे गये विषयों का मिलान महाविद्यालय को आवंटित विषयों तथा विद्यार्थियों को प्रदान किये गये विषय संयोजन (Subject Combinations) से मिलान कर लिया है।
    C. सभी विद्यार्थियों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति है।
    D. सतत् मूल्यांकन परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्रत्येक विषय में प्राप्त कर लिये है। इन तथ्यों का स्पष्टतया सत्यापन करने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को नियत तिथि तक अग्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।
    E. **महाविद्यालय यह सुनिश्चित कर लेवें कि विद्यार्थी द्वारा MJR, AEC, VAC एवं SEC के विषयों का चयन विश्वविद्यालय की NEP-2020 संबंधी नियमावली तथा महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों व सीटों के अनुरूप किया गया है।**
    F. **महाविद्यालय द्वारा यह भी सुनिश्चित कर लिया जावे कि स्वंयपाठी विद्यार्थियों द्वारा भरे गए परीक्षा आवेदन पत्रों में नियमित विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध विषयों का चयन नहीं किया गया है। यथा Anandam, NSS एवं NCC आदि।**
11. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के पश्चात् भरे गये आवेदन पत्र के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फॉर्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन ईमित्रा तथा आई.सी.आई.सी.आई. एवं एचडीएफसी बैंक पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड (एटीएम)/क्रेडिट कार्ड से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी का प्रिंट निश्चित रूप से प्राप्त करें।

12. परीक्षार्थी ध्यान रखें की परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना गलत हो या आपके विवरण से मिलान नहीं हो तो पूर्व में भरे गये फॉर्म को निरस्त मानते हुये पुनः नया परीक्षा फॉर्म भरें तथा परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढें।
13. परीक्षा फॉर्म भरने वाले छात्र सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवदेन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन–पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड करें। परीक्षार्थी अपना नाम, पिता व माता का नाम बोर्ड/विश्वविद्यालय की पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षाओं की अंकतालिकाओं के अनुसार ही भरें।
14. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय चिकित्सा अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। परीक्षा शुल्क के अलावा अन्य सभी निर्धारित शुल्क देय होगा।
15. नियमित विद्यार्थी अपने परीक्षा आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय जिसके वे नियमित विद्यार्थी हैं, वहाँ जमा करायें एवं स्वंयपाठी परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये नजदीकी महाविद्यालय का चयन कर परीक्षा फॉर्म भरें तथा उसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ चयनित महाविद्यालयों में ही जमा करायें।
16. संबंधित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी स्पष्टतया नोट करे कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं को एक बार ही नामांकन संख्या आवंटित की जाती है, भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संदर्भ में पूर्व में आवंटित की गयी नामांकन संख्या (Same as already allotted) रहेगी।
17. परीक्षार्थी एक समय में केवल एक संपूर्ण सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।
18. राजस्थान बोर्ड/राजस्थान विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्मो की हार्ड कॉपी के साथ मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन) एवं मूल अंकतालिकाऐं साथ संलग्न करें। नेट अंकतालिका मान्य नहीं होगी।
19. **परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म को सावधानी पूर्वक भरे, अन्यथा**
    A. स्वयंपाठी/पूर्व/नियमित परीक्षार्थी के फॉर्म में गलती होने पर परीक्षा फॉर्म की दोनों प्रतियों में गलती को लाल स्याही से ठीक कर प्रमाण सहित संबंधित महाविद्यालय में जमा करायें। परीक्षा फॉर्म में एक गलती पर ₹100/– एवं एक से ज्यादा गलती होने पर अधिकतम ₹200/– महाविद्यालय में जमा कराना होगा।
    B. विश्वविद्यालय में परीक्षा फॉर्म जमा करने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म में सुधार करना पडता है तो प्रति गलती ₹200/– एवं एक से अधिक गलती पर अधिकतम ₹300/– जमा करने पर ही सुधार संभव होगा।
    C. सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्मों की सावधानी पूर्वक जॉच कर लें अन्यथा संबंधित प्राचार्य गलतियों के लिए जिम्मेदार होंगे। परीक्षा फॉर्म में किसी भी प्रकार की गलती होने पर ₹400/- प्रति परीक्षा आवेदन पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को अदा करने होगें।
    D. महाविद्यालय द्वारा त्रुटि संशोधन हेतु आवेदन पत्र मय संशोधन शुल्क राशि विश्वविद्यालय को जमा करानी होगी। यह राशि बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को देय होगी।
    E. महाविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि यदि किसी विद्यार्थी द्वारा गलत विषयों का चयन कर लिया गया है तो विद्यार्थी के परीक्षा आवेदन पत्र में महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित करने से पूर्व विद्यार्थी के परीक्षा आवेदन पत्र में संशोधन किया जा सकेगा। विद्यार्थी द्वारा गलत विषयों का चयन होने तथा परीक्षा समाप्त होने के बाद विषय परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। इससे होने वाली किसी भी हानि के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

20. प्राचार्यगण से अपेक्षा की जाती है कि आवेदन पत्रों की जांच एवं आवश्यक त्रुटि संशोधन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें अन्यथा इससे होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के लिए स्वंय जिम्मेदार होंगे।
21. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के आर्डिनेन्स–176 (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार परीक्षा फार्म भरने की तिथि से ठीक 2.5 वर्ष पूर्व से भरतपुर, डीग व धौलपुर जिले के निवासी ही स्वयंपाठी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। प्रमाण स्वरूप निम्नलिखित में से कोई एक प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें :–
    A. मूल निवास प्रमाण पत्र। अथवा
    B. स्थानांतरित सरकारी कर्मचारी अथवा उनके आश्रित होने का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र। अथवा
    C. नियमित विद्यार्थी के रूप में 12वीं कक्षा का प्रमाण पत्र। अथवा
    D. विवाहित महिला हेतु विवाह प्रमाण पत्र। अथवा
    E. 2.5 वर्ष से रहने का राजपत्रित अधिकारी का प्रमाण पत्र।
22. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स – 170–ए (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार स्वयंपाठी छात्रों के लिए वही पाठ्यक्रम लागू होगा जो नियमित परीक्षार्थियों के लिये लागू है। परन्तु विश्वविद्यालय द्वारा स्कीम में समय – समय पर किया गया संशोधन भी लागू होगा।
23. स्वयंपाठी परीक्षार्थियों हेतु सतत् मूल्यांकन (मिडटर्म) परीक्षाऐं नहीं होंगी।
24. स्नातक (कला संकाय) विषय की परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें –
    i. प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन पंजीकरण परीक्षार्थी को ऑनलाईन www.msbuexam.org पर कराना होगा। तत्पश्चात् प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें तथा प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्राप्त करें जिसे प्रायोगिक परीक्षा के दिन प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र पर जमा करना अनिवार्य है। प्रमाण पत्र के अभाव में प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
    ii. परीक्षार्थी को निर्धारित शुल्क की 30 प्रतिशत राशि ऑनलाईन जमा करानी होगी। आवेदन पत्र भरते समय जमा तथा 70 प्रतिशत राशि सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करानी होगी।
25. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स–175 (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को निम्नलिखित विषयों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अनुमति नहीं है – ड्राईंग एण्ड पेंटिंग, गृह विज्ञान, फिजीकल एज्यूकेशन, मनोविज्ञान, सैनिक विज्ञान, संगीत, एनएसएस, एनसीसी, आनन्दम एवं Data Analysis Using Excel (PR)।
26. महाविद्यालयों के नियमित/पूर्व परीक्षार्थियों एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र का आवंटन विश्वविद्यालय द्वारा यथा समय निर्धारित होगा। परीक्षा केन्द्र की सूचना परीक्षार्थियों के परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध होगी।
27. परीक्षा आवेदन पत्र, समय सारिणी तथा परीक्षा आयोजन संबंधी अन्य जानकारियों हेतु वेबसाईट **www.msbrijuniversity.ac.in and** www.msbuexam.org का निरंतर अवलोकन करते रहें।
28. सत्र 2026–26 विश्वविद्यालय परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध है।

(डॉ. फरबट सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा / 2026 / 4347 दिनांक: 16/02/26

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :-

1. (अ) समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजो विशेष रूप से राजस्थान बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र के साथ संलग्न हैं एवं सही है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.msbuexam.org एवं www.msbrijuniversity.ac.in पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।**

   (ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर) हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयो के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ-पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

   (स) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा आवेदन पत्र का अग्रेषण शुल्क रू. 12/- प्रति छात्र देय होगा, बिन्दु संख्या-1(अ) की पूर्ण पालना नहीं करने पर देय शुल्क राशि में से कटौती की जा सकती है।

   (द) समस्त प्राचार्यगण से अपेक्षा की जाती है कि विद्यार्थियों को NEP-2020 के नियमों से अवगत कराने हेतु आवश्यक उपाय सुनिश्चित करावें।

2. प्रभारी, आई.टी., महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं प्रभारी, लेखा शाखा, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा-2026 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
4. प्रबन्ध निदेशक, MD, RISL राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि MOU की शर्तानुसार परीक्षा शुल्क राशि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के खाते में T+2 दिवस में जमा होना सुनिश्चित करने का श्रम करें अन्यथा MOU की शर्तानुसार ब्याज राशि 12 प्रतिशत की दर से देनी होगी। सम्बन्धित ई-मित्र कियोस्क को यह भी सुनिश्चित करावे कि एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं हो और ई-मित्र पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होना चाहिए।
5. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर।
6. जनसम्पर्क अधिकारी, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के भरतपुर, डीग एवं धौलुपर में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
7. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, चक सकीतरा, विश्वविद्यालय कैम्पस, कुम्हेर एवं प्रबन्धक, एचडीएफसी, बैक, भरतपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे कि परीक्षार्थी विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
8. कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
9. लेखा शाखा, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
10. निजी सहायक, कुलपति महोदय, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।

परीक्षा नियंत्रक